आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 29.09.2025

मुख्य समाचारः–

1– केन्द्र सरकार ने पीएम–जनमन के तहत छत्तीसगढ़ के लिए दो सौ उनसठ करोड़ रुपये राशि मंजूर की।

2– स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत देशभर में अब तक नौ लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाए गए–केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने दी जानकारी।

3– नारायणपुर में माओवादियों द्वारा छिपाकर रखे गए विस्फोटक, नक्सल साहित्य और दैनिक उपयोग के सामान बरामद।

4– बस्तर दशहरा पर्व के तहत आज सरगीपाल गांव में बेल पूजा विधान सम्पन्न हुआ।

केन्द्र सरकार–पीएम जनमन राशि

केन्द्र सरकार ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान–पीएम–जनमन के तहत छत्तीसगढ़ के लिए दो सौ उनसठ करोड़ रुपये राशि की स्वीकृति दी है। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी यह आदेश राज्य के दूरस्थ और सेवाओं से वंचित क्षेत्रों में अंतिम छोर तक संपर्क सुविधा को बेहतर बनाने और सड़क नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है। इस मंजूरी के साथ ही छत्तीसगढ़ को ग्रामीण संपर्क योजनाओं के लिए पीएम–जनमन के तहत केंद्रीय सहायता पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। मंत्रालय ने कहा है कि यह स्वीकृति छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचलों में संपर्क अवसंरचना को सशक्त करेगी और कमजोर वंचित समुदायों को महत्वपूर्ण सामाजिक–आर्थिक लाभ पहुंचाएगी।

"स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान"

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बताया है कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत देशभर में अब तक नौ लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाये गये हैं। नई दिल्ली में आयोजित स्वास्थ्य सम्मेलन में श्री नड्डा ने बताया कि नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में, देश में स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर काफी बेहतर हो गया है।

वहीं, इस अभियान के तहत रायपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स अस्पताल द्वारा कोटा में महिलाओं में सिकल सेल रोग से बचाने के लिए जागरूकता और जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में गर्भवती महिलाएं और सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान सैंतालीस रक्त नमूने एकत्र कर सिकल सेल की जांच की गई। साथ ही हीमोग्लोबिन और ग्लूकोज़ परीक्षण के लिए रक्त के नमूने भेजे गए।

छात्रा–सहायता

राज्य सरकार प्रदेश में बारहवीं परीक्षा पास करने के बाद कॉलेज में प्रवेश लेने वाली सभी छात्राओं को हर साल तीस हजार रूपए की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के लिए शिक्षा के अवसरों को बढ़ाने के साथ ही उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि प्रदेश की छात्राओं को आर्थिक तंगी के कारण उच्च शिक्षा से वंचित न होना पड़े। उपमुख्यमंत्री बताया कि इस योजना के लिए छात्राओं का पंजीयन जल्द

शुरू किया जाएगा। छात्राओं को अपने कॉलेज के माध्यम से या ऑनलाइन पंजीयन कराना होगा। श्री साव ने यह भी बताया कि पंजीयन की प्रक्रिया बहुत ही आसान रखी गई है।

डाक विभाग शुल्क–संशोधन

डाक विभाग ने अंतरदेशीय स्पीड पोस्ट के शुल्क में बदलाव किया है। ये संशोधन आगामी एक अक्टूबर से लागू होंगे। इसके अनुसार स्पीड पोस्ट दस्तावेजों का शुल्क अब वजन और दूरी के आधार पर अलग–अलग होगा। इसके अलावा डाक विभाग ने इस सेवा की सुरक्षा और पारदर्शित बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीकी सुविधाएं भी शुरू की हैं।

उपमुख्यमंत्री–पुल शिलान्यास

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने आज रायपुर में तीन नए ओवरब्रिज का शिलान्यास किया। ये तीनों ओवरब्रिज लोक निर्माण विभाग द्वारा रिंग रोड क्रमांक–दो पर बनाए जाएंगे। इन तीनों ओवरब्रिज के निर्माण पर लगभग एक सौ सत्रह करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस मौके पर श्री साव ने कहा कि इन ओवरब्रिजों के बनने से राजधानी में बढ़ती जनसंख्या और यातायात के दबाव को कम करने में मदद मिलेगी।

जीएसटी बचत उत्सव

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी की दरों में किए गए सुधारों को लेकर इन दिनों छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार द्वारा जीएसटी बचत उत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी मुंगेली के विधायक पुन्नूलाल मोहले ने सेतगंगा में दुकानों का भ्रमण कर जीएसटी में कमी आने से मिलने वाले लाभ पर दुकानदारों और ग्राहकों से बातचीत की। इस अवसर श्री मोहले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लगभग तीन सौ से अधिक वस्तुओं में जीएसटी कम कर निम्न और मध्यम वर्गीय परिवारों को विशेष राहत दी गई है।

पीएससी–मामला

छत्तीसगढ़ पीएससी घोटाले में सीबीआई ने पहला पूरक चलान अदालत में पेश कर दिया है। करीब दो हजार पन्नों के इस आरोप पत्र में पीएससी के पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी को घोटाले का सरगना बताया गया है। आरोप पत्र के मुताबिक घोटाले में अब तक गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों के खिलाफ पुख्ता सबूत मिले हैं। इसका खुलासा आरोप पत्र में विस्तार से किया गया है।

माओवादी–विस्फोटक बरामद

नारायणपुर जिले में सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा छिपाकर रखे गए विस्फोटक, नक्सल साहित्य और दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद की हैं। मिली जानकारी के अनुसार कोहकामेटा थाना क्षेत्र के ग्राम कोडलियार मिचिंगपारा के पास माओवादियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से इस डंप को छिपाकर रखा था।

सेवा–पर्व

सेवा और सुशासन, यानी जनसेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला – 'सेवा पर्व' में, हम आपके लिए ला रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार द्वारा रेलवे में किए गए सुधार भारत की जीवनरेखा का आधुनिकीकरण कर रहे हैं, विश्व स्तरीय यात्रा, बेहतर सुरक्षा और प्रत्येक नागरिक के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान कर रहे हैं।

पिछले दशक में भारत के रेलवे सुधारों ने पटरियों पर क्रांति ला दी है और देश की जीवनरेखा को प्रगति के केंद्र में बदल दिया है। मोदी सरकार के तहत भारतीय रेलवे को यात्रियों को अधिक आरामदायक, सुरक्षित और विश्व स्तरीय यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए रूपांतरित किया गया है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक, भारतीय रेलवे कनेक्टिविटी का एक निर्बाध सूत्र बुन रहा है।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत के देशभर के 1300 से अधिक स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। भिलाई के तीन स्टेशन सहित छत्तीसगढ़ के 32 रेलवे स्टेशन भी इसमें शामिल हैं। भिलाई स्टेशन से सफर करने वाले यात्रियों ने स्टेशन परिसर में किए गए सौंदर्यीकरण और आधुनिक सुविधाओं के विस्तार की सराहना की...

भविष्य को ध्यान में रखते हुए, 2030 तक एक 'भविष्य के लिए तैयार' रेलवे प्रणाली बनाने के लिए एक राष्ट्रीय रेल योजना तैयार की गई है जिसका ध्यान आम आदमी को परिवहन का एक सस्ता, सुरक्षित और विश्वसनीय साधन उपलब्ध कराने पर केंद्रित है।

<u>प्रसारण मंत्रालय–समिति गठित</u>

केन्द्र सरकार ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया है। इस समिति के अध्यक्ष सूचना–प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव और उपाध्यक्ष राज्यमंत्री डॉक्टर एल मुरूगन होगें। पैंतालीस सदस्यीय इस समिति में छत्तीसगढ़ के अशोक बजाज को गृह मंत्रालय के अंतर्गत राजभाषा विभाग द्वारा नामित सदस्य बनाया गया है। इस समिति का उद्देश्य हिन्दी के संबंध में जारी निर्देशों का पालन कराना और सूचना प्रसारण मंत्रालय में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देना है।

<u>बस्तर दशहरा</u>

पचहत्तर दिनों तक चलने वाले विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व के तहत आज सरगीपाल गांव में बेल पूजा विधान सम्पन्न हुआ। बस्तर राजपरिवार के सदस्य कमलचंद भंजदेव इस पूजा विधान में शामिल हुए। इस विधान के बाद बेल के पेड़ से दो फल तोड़कर उसे जगदलपुर स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में सम्मान के साथ रखा गया है। दशहरा पर्व के तहत आज देर शाम फूल रथ की छठवीं और अंतिम परिक्रमा होगी।

<u>भारतीय श्रोता सम्मेलन</u>

आकांक्षा रेडियो श्रोता संस्था द्वारा आगामी चार अक्टूबर को रायपुर के वृंदावन सभागार में अखिल भारतीय श्रोता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। रायपुर दक्षिण क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। वहीं, आकाशवाणी रायपुर के कार्यक्रम प्रमुख तथा सहायक केन्द्र निदेशक पंकज मे सहित अन्य अधिकारी विशेष अतिथि होंगे। संस्था के अध्यक्ष छेदूलाल यादव ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के लोक कलाकार सुनील सोनी को सम्मानित किया जाएगा।

संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल तीस सितंबर को राज्य मंत्रीपरिषद की बैठक नवा रायपुर स्थित मंत्रालय मे होगी।

– राजनांदगांव जिले में एंबुलेंस से शराब तस्करी का मामला सामने आया है. पुलिस ने आरोपी राहुल साहू को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से महतारी एक्सप्रेस एंबुलेंस में छिपाकर रखी गई अवैध शराब की सोलह पेटियां भी बरामद कर ली गई हैं।

– गरियाबंद पुलिस ने चार हीरा तस्कर को गिरफ्तार किया है। इनके पास से छह नग हीरे बरामद किए गए हैं।

– रायपुर के कृषि महाविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा के अवसर पर कल ''विकसित भारत के निर्माण में हिंदी की भूमिका'' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>